सार-समाचार

पटवारियों की हड़ताल जारी

सायला, (निसं)। राजस्थान पटवार संघ की प्रदेश कार्यकारिणी के आव्हान पर 9 सूत्री मांग पत्र के निस्तारण की मांग को लेकर तीसरे दिन बुधवार को भी पटवारियों द्वारा राजस्व कार्यों का बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसके चलते पंचायत व ग्रामीण क्षेत्र में राजस्व संबंधी कामकाज प्रभावित हो रहे है। ग्रामीणों को नामांतरकरण, गिरदावरी, सीमा ज्ञान, दस्तावेजों की नकलें सहित रोजमर्रा के कामकाजों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। पटवार संघ जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह चंपावत ने बताया कि गिरदावरी एप्प में अपेक्षित आवश्यक संशोधन करवाने, 1035 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तिय स्वीकृति से शेष पटवार मंडल एवं भू-अभिलेख निरीक्षक वृत की वित्तिय स्वीकृति जारी करवाने, पटवारी से वरिष्ठ पटवारी पद की रिव्यू डीपीसी एवं डैफर्ड एवं लिफाफा बंद प्रकरणों का निस्तारण करवाने तथा 752 नवसृजित भू-अभिलेख निरीक्षक पदों के निर्धारण संबंधित पत्रावली का निस्तारण करवाने समेत 9 सूत्री मांग पत्र का निस्तारण नही होने से समस्त पटवारियों में भारी रोष है तथा मांगों पर सहमति नही बनने तक राजस्व कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान दिनेश सोलंकी, देवीसिंह, देरावरसिंह, आसकरणसिंह, भोमराज, रविंद्रसिंह, परमेश्वरी, रिन्की राव, मंगेजलता समेत पटवारी मौजूद रहे।

अपात्र व्यक्तियों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

जालोर, (कासं)। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित अपात्र व्यक्यिं के नाम स्वेच्छा से हटवाने के लिए 31 जनवरी, 2025 तक गिव अप अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत जिले में अब तक 326 लोगों ने अपने नाम स्वेच्छा से कटवाए हैं। जिला रसद अधिकारी व जिला उपभोक्ता संरक्षण अधिकारी आलोक झरवाल ने बताया कि जिले में 31 जनवरी तक चलाए जा रहे गिव अप अभियान का उद्देश्य अपात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को पहुँचाना है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित सक्षम व्यक्ति जैसे-आयकरदाता, चौपहिया वाहन धारक, सरकारी या अर्द्धसरकारी कर्मचारी व अन्य सक्षम व्यक्ति अपने क्षेत्र के उचित मूल्य दुकानदार के पास जाकर निर्धारित फॉर्म भरकर योजना से अपना नाम हटवा सकते हैं। यदि सक्षम व्यक्ति अपने नाम नहीं हटवाते हैं तो उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान के तहत अभी तक जिले में कुल 326 लोगों द्वारा स्वेच्छा से अपने नाम हटवाए गए हैं। 31 जनवरी, 2025 तक स्वेच्छा से अपना नाम नहीं हटवाने वाले अपात्र या सक्षम व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई कर उनके द्वारा उठाए राशन की बाजार भाव से वसूली की जाएगी।

राज्य टीम में जोधपुर की कुसुम का चयन

जोधपुर , (कासं) । भारतीय बॉल बैडमिटन महासंघ के तत्वावधान में 69वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिटन प्रतियोगिता का शुभारंभ 17 जनवरी से महाराष्ट्र के नागपुर में होगा। यह प्रतियोगिता 17 से 21 जनवरी तक चलेगी। राजस्थान बॉल बैडमिटन के सचिव शौकत अली मंसूरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजस्थान की बालक व बालिका वर्ग टीमें भाग लेने के लिए 16 जनवरी को जयपुर से रवाना होगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राजस्थान टीम का चयन हिण्डोन में हुई जूनियर राज्य बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के आधार पर किया गया है। जोधपुर से बालिका वर्ग में कुसुम का राजस्थान टीम में चयन हुआ है। कुसुम जोधपुर बॉल बैडमिटन कोच मेहबुब खान से नियमित प्रशिक्षण ले रही है। महाराष्ट्र के लिए रवाना होने से पहले जोधपुर बॉल बैडमिंटन के अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, सचिव मेहबुब खान, कोषाध्यक्ष पंकज मोहनोत, वरिष्ठ खिलाड़ी अमित कुमार, उत्कर्ष, यश, सुमित, अशोक चौधरी, वासुदेव आदि ने कुसुम को राजस्थान टीम में चयनित होने की बधाई दी।

गुड़ामालानी में फोलोअप शिविर लगा

गुड़ामालानी, (कासं)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुडामालानी में राज्य सरकार द्वारा पुर्व में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए गए थे। जिसका फोलोअप शिविर एवं रेफरल शिविर आज मंगलवार को आयोजित किया। शिविर में डॉ बाबूलाल, डॉ रमेश ओला,डॉ कंवराराम ,डॉ विरेन्द्र उपस्थित रहे। चिकित्सा विभाग के पीएसएस ललीत शर्मा एवं बीपीएम श्रवण चौधरी ने बताया कि पूर्व में आयुष्मान आरोग्य शिविर में चिन्हित किए गए दिव्यांगजनो एवं बिमारी से ग्रस्त जो सेक्टर लेवल से रेफरल किए गए मरीजों का मेडिकल टीम द्वारा इलाज करना है । शिविर में ईएनटी हहडी रोग, जनरल बिमारी सम्बन्ध फ्लोप किया गया है । तथा दिव्यांग का प्रमाण पत्र जारी किए गए। आयोजित शिविर में डॉ सावलाराम चौधरी, गिरधारीलाल, सत्यपाल, जोगेंद्र चौधरी,मुकेश कुमार, एएनएम अणसी विश्नोई, सोहनी विश्नोई सहित कई जने उपस्थित रहे।

सोरड़ा में भामाशाहों का सम्मान किया

रेवदर, (निसं)। उच्च माध्यमिक विद्यालय सोरड़ा में वार्षिक उत्सव मनाया गया। कार्यकम का शुभारंभ मां सरस्वती के आगे दिप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि सरपंच लेहरा राम भाट, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रिंसीपल अनील कुमार जीनगर ने किया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही कक्षाओं में प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। भामाशाहों के सहयोग से विद्यालय में 25 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे की लागत 1 लाख 50 हजार रुपए आई। अब पूरे विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी होगी। कार्यक्रम में भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच लेहरा राम भाट, प्रिंसीपल अनील कुमार जीनगर, बालिका विद्यालय प्रिंसीपल हरीश गोमतीवाल, भामाशाह फिरोज सोरडा, अजाराम बामनिया, दिनेश चौधरी, करमीराम, शैतान सिंह, रावता राम, पुनमाराम, मुस्ताक सोरडा, दलपत सैन, अध्यापक समरथमल बुनकर, नवाराम, नरेश कुमार, मेहन्द्र कुमार, पंकज कुमार, चन्द्रा मेडम, भुराराम, समेत अध्यापक व ग्रामीणों ने समारोह में भाग लिया।

जनसुनवाई व बैठक आज

जालोर, (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समस्याओं के त्वरित, गुणात्मक एवं सकारात्मक निराकरण के लिए व्यापक कार्यक्रम एकी.त परिवाद निवारण प्रणाली ''संपर्क समाधान'' के तहत 16 जनवरा को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के भारत निर्माण सेवा केन्द्र पर वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवेदनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की जायेगी। इससे पूर्व प्रातः 10:30 बजे जिला स्तरीय जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आयोजित कर आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें राहत प्रदान की जायेगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने दी।

यातायात नियमों के लिए अभियान

जालोर, (कासं)। जालोर में सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत 17 से 23 जनवरी 2024 जिले के राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, माय भारत व नेहरू युवा केन्द्र के चयनित 25 युवाओं की ओर से आमजन को यातायात नियमों की जानकारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम यातायात पुलिस विभाग के निर्देशन में चलाया जाएगा। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने बताया कि इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल, नेहरू युवा केन्द्र कार्यालय अथवा राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

कालन्द्री पुलिस ने यातायात नियम बताए

रेवदर, (निसं)। सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात नियमों की कालन्द्री पुलिस ने वाहन चालकों को जानकारी दी। हेलमेट का अनिवार्य उपयोग, सीट बेल्ट लगाने और यातायात नियमो की पालना करने सम्बन्धित वाहन चालकों को जानकारी दी। थानाधिकारी टीकमाराम के नेतृत्व में हैडकास्टेबल सकाराम मय जाब्ता ने एक दर्जन वाहनों के चालान काटे।

आवेदन तिथि बढ़ाई

जालोर, (कासं)। कालीबाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी योजना में वित्तिय वर्ष 2024-25 के लिये अल्पसंख्यक वर्ग (मुस्लिम, जैन, ईसाई, सिख, बौद्ध एवं पारसी) की छात्राओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि में वृद्धि करते हुए 20 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ललित कुमार मेवाड़ा ने बताया कि योजना से संबंधित नियम, दिशा-निर्देश आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

बीस सूत्री कार्यक्रम बैठक 20 को

जालोर, (कासं)। बीस सूत्री कार्यक्रम की बैठक कलैक्टर प्रदीप के. गवांडे की अध्यक्षता में 20 जनवरी साप्ताहिक बैठक के पश्चात कलेक्ट्रेट में होगी। मुख्य आयोजना अधिकारी व प्रभारी अधिकारी बीसूका ने बताया कि बैठक में माह दिसम्बर 2024 तक की प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

जे.डी.सी. ने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने बुधवार को उच्च अधिकारियों की साप्ताहित समीक्षा बैठक ली।

बैठक में सचिव भागीरथ बिश्नोई, उपायुक्तगण कंचन राठौड, जयपाल सिंह राठौड, रामजी भाई कलबी, अदिति पुरोहित, दिनेश कुमार मीणा, निदेशकगण, एसीपी नरेश कुमार, तहसीलदारगण, अभियन्ता सहित जेडीए के प्रभारी अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में आयुक्त उत्साह चौधरी द्वारा प्राधिकरण की संचालित ऑनलाईन सेवाओं के लम्बित प्रकरणों एवं राजकाज ई-फाइलिंग के अन्तर्गत लम्बित फाइलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी को प्रकरणों एवं फाइलों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए गए। आयुक्त चौधरी द्वारा राज्य सरकार एवं प्राधिकरण के पिंक व ब्ल्यू लेटर के लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता से शीघ्र निस्तारित करने के भी निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में आयुक्त द्वारा राजस्थान सम्पर्क, मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, सीएमओ व पीएमओ से प्राप्त प्रकरणों तथा जनसुनवाई एवं जिला कलेक्टर की साप्ताहिक बैठक में प्राप्त अन्तर विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रभारी अधिकारी को लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करते हुए जीरो पेंडेंसी रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी ने अधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक ली।

आलम पशु मेला शुरू

धोरीमन्ना हनुमान मंदिर के पुजारी कालुराम सिडोलिया ने विधिवत पूजन पाठ से आलम पशु मेले का शुभारंभ करवाया। फोटो-राष्ट्रदूत

धोरीमन्ना, (कासं)। धोरीमन्ना के गुड़ामालानी रोड खरड में बुधवार को धोरीमन्ना का प्रसिद्ध 40 वें आलम पशु मेले का भव्य शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर धोरीमन्ना हनुमान मंदिर पुजारी कालुराम सिडोलिया ने विधिवत पूजन पाठ से शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धोरीमना प्रशिक्षु उपखंड अधिकारी प्रियंका कडेला ने कहा कि पशु पालकों के लिए मेले होना बहुत ही जरूरी है, क्योंकि कि पशु पालकों की आमदनी ही पशु है। पशुओं से पशु पालकों को आय होती है। इस अवसर पर धोरीमन्ना पंचायत समिति प्रधान इंदुबाला विश्नोई ने कहा कि आलम नगरी धोरीमन्ना में बुधवार को 40 वे पशु मेले का भव्य शुभारंभ हुआ, पशु मेले से पशु पालकों को आय होती है।व्यापारियों का भी अच्छा व्यापार चलता है।

इस अवसर पर धोरीमन्ना विकास अधिकारी हरमन बिश्नोई, धोरीमन्ना तहसीलदार पीरसिंह चम्पावत, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष अनिल सेठिया, जयकिशन भादू, धोरीमन्ना ब्लाक कांग्रेस पुर्व अध्यक्ष दिनेश कुलदीप, केसाराम सुथार, विरेन्द्र बोला, गिरधारी लाल कुलदीप, लक्ष्मण भार्गव, धोरीमन्ना , नगरपालिका,उपसभापति प्रतिनिधि चनणाराम नामा, खेराजराम नामा, डाक्टर पूनमाराम बेनिवाल सहित कई लोगों व पशुपालकों व व्यापारियों ने बढ-चढ कर भाग लिया।

हादसों में दो जनों की मृत्यु

पाली, (नि.सं.)। पाली में दो अलग-अलग सड़क हादसों में बुजुर्ग और युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिजन हॉस्पिटल पहुंचे।

पहला मामला पाली जिले के खारड़ा रोड पर का है। यहां मंगलवार शाम को रानी थाना क्षेत्र के नाडोल गांव निवासी रमेश (40) पुत्र पोमाराम मेघवाल घायल हालत में मिले थे। घायल को बांगड़ हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। हॉस्पिटल पहुंचे परिजनों ने बताया- वह किसी काम से बाइक लेकर गए थे। पाली जिले के बडली (सांडेराव) गांव में 70 साल के बुजुर्ग दूदाराम पुत्र खीमाराम मेघवाल अपने घर के बाहर सड़क किनारे खड़े थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने पर उन्हें इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया, जहां जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

के. के. विश्नोई का दौरा 17 को

बालोतरा, (नि.सं.)। उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के. के. विश्नोई 17 जनवरी, शुक्रवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। वे शुक्रवार प्रातः 9 बजे जोधपुर से प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे सिवाना पंचायत समिति के सिलोर ग्राम पंचायत सिलोर में पंचायत भवन के उद्घाटन समारोह में भाग लेगे। कार्यक्रम पश्चात वे दोपहर 2 बजे रामजी की गोल, गुड़ामालानी के लिए प्रस्थान करेंगे।

युवक की मौत हुई

जोधपुर , (कासं) । प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र इंद्रा कॉलोनी में रहने वाले एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। वह रात को खाना खाकर सोया था। बाद में उसे उल्टियां हुई और अस्पताल ले जाया गया, मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। इस बारे में उसके पिता की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई।

प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि इंद्रा कॉलोनी निवासी मनीष राठौड़ रात को अपने घर में खाना खाकर सो गया था। सुबह नहीं उठने पर उसे अस्पताल ले जाया गया। मगर यहां पर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। मौकास्थल का निरीक्षण करने पर पता लगा कि मुकेश ने उल्टियां की थी। उसकी संभवतः अचानक से तबीयत खराब हो गयी थी और वह उठ भी नहीं पाया था। पुलिस ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है। रिपोर्ट मिलने पर मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा।

चौहटन में सड़क सुरक्षा अभियान की जानकारी दी

बाड़मेर,(नि.सं.)। उपखण्ड मुख्यालय चौहटन में बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत माँ वांकल मालाणी एजुकेशन ग्रुप चौहटन के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी चौहटन कुसुमलता चौहान ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सभी को सड़क सुरक्षा के एक प्रभावी योद्धा के रूप में उभरकर काम करना चाहिए। सड़क सुरक्षा जिंदगी की अहम सुरक्षा है। जीवन से बढ़कर कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। साथ ही यह भी कहा कि शिक्षार्थियों के साथ-साथ अभिभावक भी जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य

■ सड़क सुरक्षा के साथ, जीवन रक्षा का भी संकल्प दोहराया

निभाएं। हेलमेट के बगैर कोई भी व्यक्ति दुपहिया वाहन पर नहीं बैठें।

कार्यशाला में थानाधिकारी सोमकरण चारण ने कहा कि सड़क सुरक्षा एक्ट में उल्लेखित समस्त प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए हमें वाहन चलाना चाहिए, नाबालिग कभी भी वाहन नहीं चलाएं और इस वर्ष विभाग ने इस अभियान की थीम ''परवाह'' रखी है। हमें वाहन चलाते वक्त ''परवाह'' शब्द के भावार्थ को हमेशा ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के साथ, जीवन रक्षा का भी संकल्प दोहराया। नवीन एकेडमी के प्रिंसीपल सुमेरसिंह जाट ने विद्यार्थियों को नशे एवं सोशल मीडिया से दूर रहने एवं सड़क सुरक्षा की सावधानी से जुड़े विचार साझा किए। जागरुकता अभियान कार्यशाला के मंच का संचालन जोगेन्द्र गोदारा करते हुए सड़क पर पैदल चल रहे विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों से बच्चों को अवगत कराया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान कार्यशाला में माँ वांकल स्पेशल एजुकेशन कॉलेज के शिक्षार्थी, व्याख्याता सहित कई जने उपस्थित रहे।

भाद्राजून ग्राम में रात्रि चौपाल हुई

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को आहोर उपखण्ड के भाद्राजून ग्राम पंचायत में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करने, भाद्राजून राजकीय अस्पताल में डॉक्टर के रिक्त पद का जल्द भरवाने तथा उच्च शिक्षा के लिए महाविद्यालय की आवश्यकता बताई। ग्रामीणों ने राजकीय विद्यालयों में विज्ञान संकाय खुलवाने को लेकर भी जिला कलक्टर के समक्ष मांग रखी। रात्रि चौपाल में रोडवेज बसों के नियमित संचालन, पेयजल, सड़क, शिक्षा आदि के विभिन्न परिवाद प्रस्तुत किए। जिनको जिला कलैक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने को लेकर निर्देशित किया। इस अवसर पर आहोर उपखण्ड अधिकारी शंकरलाल मीणा, भाद्राजून तहसीलदार चन्दन पंवार, आहोर विकास अधिकारी बाबूसिंह राजपुरोहित, सरपंच सुरेन्द्र मीणा, ग्राम विकास अधिकारी निर्मल कुमार बामणीया, सहित अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कलैक्टर ने तहसील कार्यालय भाद्राजून का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कार्यालय की व्यवस्थाएं देखकर राजस्व रिकॉर्ड का अवलोकन किया तथा तहसीलदार सहित राजस्व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जालोर के पास भाद्राजून में कलैक्टर डॉ.प्रदीप के .गावंडे ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। फोटो राष्ट्रदूत

घर के पीछे की खिड़की तोड़कर चोर जेवरात ले गए

जोधपुर , (कासं) । शहर के प्रतापनगर स्थित अशोक कॉलोनी, चांदणा भाखर में एक सूने मकान में चोरी हो गई। परिवार के लोग मौताणे पर गांव गए हुए थे। चोरों ने घर के पीछे की खिडक़ी तोडक़र प्रवेश किया और वहां से 13 तोला सोना, आधा किलो चांदी के आभूषण, 2.5 लाख की नगदी एवं बिल्स इत्यादि चोरी कर ले गए। सारा सामान उलटपुलट कर दिया।

पड़ौसियों ने खिडक़ी टूटने की जानकारी दी तब परिवार यहां पहुंचा। प्रतापनगर थाने में चोरी की रिपोर्ट दी गई। चुराए गए सोने की अनुमानित की कीमत 10 लाख रूपए है।

प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि घटना को लेकर चांदणा भाखर अशोक कॉलोनी निवासी जितेंद्र कुमार की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह और उसके भाई मुकेश का परिवार 4 जनवरी को बड़े पिता का निधन होने पर गांव हरियाडा गए थे। 14 जनवरी को पड़ौसियों ने सूचना दी कि घर के पीछे की खिडक़ी टूटी पड़ी है। इस पर वह वापिस जोधपुर लौटे। पुलिस को बुलाकर घर का दरवाजा खुलवाया गया। अंदर जाने पर पता लगा कि चोरों ने सारा सामान अस्त व्यस्त किए जाने के साथ अलमारी के ताले तोड़ दिए। वहां से 13 तोला सोने के आभूषण जिनमें चेन, अंगुठियां, दो कंठियां, कानों के टोप्स इत्यादि एवं चांदी के आइटम जिनमें कंदोरी, पायलों की जोडिय़ां, सिक्कें, चांदी की लक्ष्मी मूर्ति फ्रेम, पैरों की कडिय़ा सहित बिजली पानी के बिल्स भी चोरी कर गए। सूचना पर प्रतापनगर पुलिस ने मौका मुआयना किए जाने के साथ अब सीसीटीवी फुटेज से चोरों की पहचान के साथ तलाश आरंभ की है।

निजी कंपनी की बिछाई केबल व उपकरण चुराए

जोधपुर , (कासं) । निकटवर्ती लूणी तहसील क्षेत्र हाल ही में एक निजी कंपनी की तरफ से ट्रांसमिशन का कार्य कर विद्युत तारों को बिछाया गया था। 12 जनवरी की रात को चोरों ने लाखों के तार, बिजली उपकरण चोरी किए जाने के साथ काफी नुकसान पहुंचाया। पता लगने पर कंपनी के प्रतिनिधि की तरफ से लूणी थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने अठिाम पड़ताल आरंभ की है।

झारखंड के बोकारो निवासी नारायण महतो पुत्र पोखी महतो की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह बोकारो की केईसी इंडस्ट्रीयल कंपनी में स्टिंग इंचार्ज है। उनकी कंपनी की तरफ से फतेहगढ़- ब्यावर तक तृतीय ट्रांसमिशन लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस कंपनी की तरफ से लूणी में 18 नवंबर से लेकर 20 दिसम्बर 24 तक विद्युत केबिल बिछाने का कार्य पूर्ण किया गया था। 12 जनवरी 25 को पता लगा कि लूणी में बिछाई गई 72/3-72/4 की लाइन से विद्युत केबिल चोरी हो गई है। पता करने पर मालूम हुआ कि अज्ञात चोर कंडक्टर वायर 1496 मीटर के साथ निलंबन हार्डवेयर 3 सेट फिटिंग, 12 इंरूटर 160 केएन चोरी कर गए है। साथ ही 4494 कंडक्टर वायर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार इससे पहले भी बालोतरा के कल्याणपुर इलाके में इसी तरह की चोरी की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है।

नर्सिंग कर्मियों का प्रदर्शन जारी, हनुमान चालीसा का पाठ किया

जोधपुर , (कासं) । यूटीबी पर कार्यरत नर्सिंग अधिकारियों की सेवा विस्तार का आदेश नहीं आने तथा रिक्त पदों पर समायोजन प्राचार्य स्तर पर नहीं होने पर डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में धरना बुधवार को भी जारी रहा।

आज भी राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर शहर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। तीसरे दिन प्रशासन की सद्बुद्धि देने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

अध्यक्ष जगदीश जाट ने बताया कि आज सभी नर्सिंग संगठनों ने समर्थन आकर दिया। राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मेड़तिया, राजस्थान नर्सेज यूनियन संजय चौधरी तथा सभी पदाधिकारी ने भाग लिया। इस दौरान पूरे दिन नारेबाजी और प्रदर्शन चलता रहा। सभी कर्मचारियों ने सडक़ पर बैठ कर ही खाना खाया।

उन्होंने बताया कि प्राचार्य डॉ. बीएस जोधा को ज्ञापन सौंप कर चिकित्सा आयुक्त को पत्र लिखा गया है जिसमें इनकी सेवा को अति आवश्यक लिख कर एक्सटेंशन मांगा है। जाट ने बताया कि नए नर्सिंग अधिकारी मिलने के बाद कई अस्पतालों में पूर्व से पदस्थापित यूटीबी नर्सिंग अधिकारियों को हटा दिया गया है। हालांकि यहां अभी भी कई सैकड़ों पद रिक्त है। कुछ दिन पहले मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल व नियंत्रक डॉ. बीएस जोधा ने उन्हें वापस पदस्थापित करने का आश्वासन दिया था। इसके बावजूद अस्पताल में कार्यरत यूटीबी नर्सिंग कर्मचारियों को हटा दिया, इसको लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

बलदेव राम मिर्धा की जयंती मनाने की तैयारी

पाली, (नि.सं.)। किसान केसरी स्व. बलदेवराम मिर्धा की 135 वीं जयंती शुक्रवार को समारोह पूर्वक मनेगी।

वीर तेजा विकास समिति अध्यक्ष अमराराम ने बताया कि स्व. मिर्धा की जयंती पर कई कार्यक्रमों के आयोजन किए जाएंगे। समिति के तत्वावधान में प्रातः नौ बजे डाक बंगला स्थित मिर्धा सर्किल पर शहर के लोगों एवं किसान वर्ग से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा स्व. मिर्धा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मिर्धा के जीवन, किसान हितों की रक्षा एवं सामाजिक सुधार के लिए दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। तत्पश्चात प्रातः ग्यारह बजे 72 फ़ीट बालाजी के सामने जाट समाज की शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्र की होनहार प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमे 300 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। सचिव शिवराम जाट ने बताया की कार्यक्रम में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद में चयनित, दसवीं बाहरवी में 75 फीसदी अंक, नव चयनित कर्मचाी सहित अन्य सेवाओं मे उत्कृष्ट कार्य करने वालों को समाज की और सम्मानित किया जायेगा।

सम्मान समारोह महंत सुरजनदास महाराज के सानिध्य में पाली के प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा,पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, पूर्व संसदीय सचिव दिलीप चौधरी, जिला परिषद सीईओ मुकेश चौधरी, डीआईजी स्टाम्प भगीरथ चौधरी, अति पुलिस अधीक्षक एसीबी धर्मेंद्र डुकिया, रिछपाल सिँह मील सयुंक्त निदेशक शिक्षा विभाग, राधाकिशन सारण, विकास लेघा अधिशाषी अभियंता, राजेंद्र जाखड़ युवा अधिकारी व पाना चौधरी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम के लिए हरिराम कलिया, राजेंद्र लहर, रतनाराम बाना, कालूराम कालीराणा, विशनाराम गोदारा, दयाराम जाट, राजेन्द्र किसान, भंवरलाल जलवाणीया, बाबूलाल कालीराणा,महेंद्र मेंदा मंडिया,राजेंद्र जांगू, मदनलाल जांचर, नरसिंग बरकिया, विशनाराम कागट, ईश्वर चौधरी, धर्मेंद्र बेनीवाल, दयाल सेवदा, रणवीर सारण,संजीव रेवाड़, प्रधान कालीराना, प्रधान सोऊ, देवाराम गोदारा, भेराराम डांगी आदि कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी।

फर्नीचर फैक्ट्री में आग लगी

जोधपुर , (कासं) । जोधपुर शहर के निकट बोरानाडा क्षेत्र में थार ड्राइपोर्ट के सामने आई एक फर्नीचर फैक्ट्री में बुधवार की तडक़े भीषण आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। आग संभवतः शार्ट सर्किट से लगी थी। बोरानाडा और शास्त्रीनगर से पहुंची आधा दर्जन दमकलों ने मिलकर दो घंटे बाद आग पर काबू पाया। इसमें कोई जनहानि नहीं हुई है।

बोरानाडा पुलिस ने बताया कि थार ड्राइपोर्ट के सामने दुगा विहार कॉलोनी आई हुई है। जहां तडक़े पांच बजे हाट फर्नीचर फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची। बोरानाडा से दो और शास्त्रीनगर से तीन दमकल की गाडिय़ां वहां भेजी गई।आग से लाखों का फर्नीचर जलकर नष्ट हो गया। आग संभवतः शार्ट सर्कि ट से लगी थी। पुलिस के अनुसार इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आधा दर्जन दमकलों ने मिलकर दो घंटों में इस आग पर काबू पाया। ऐहतियात के तौर पर एक दमकल को वहां रखा गया है।